बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 286865 (R), 224771 (O)

अध्यक्ष
जीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

उपाध्यक्ष
फिराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
सुरेन्द्र राय
दूरभाष : 223435 (R)

Truth will Triumph

संख्या ......07......

पटना
दिनांक 16-2-2003

प्रेस विज्ञप्ति

न्यायिक पदाधिकारियों को नये वेतनमान की स्वीकृति देकर सरकार ने जहाँ एक ओर न्यायिक पदाधिकारियों का सम्मान, मनोबल बढ़ाया है, वहीं दूसरी ओर बिहार प्रशासनिक सेवा सहित अन्य पदाधिकारियों को 8000 से 13500 का वेतनमान प्राप्त करने हेतु आन्दोलन के लिए प्रेरित भी किया है । बिहार सरकार एवं मुख्य मंत्री को संघ की हार्दिक बधाई । \ हम न्यायिक पदाधिकारियों को भी नये वेतनमान प्राप्त करने के लिए बधाई देते हैं तथा यह अपेक्षा करते हैं कि इस वेतनमान से उनसे और अधिक उर्जा का संचार होगा जिससे वे अपने दायित्वों का निर्वहन प्रशासन एवं जनता के हित में और अधिक सक्षम होकर कर सकेंगे परन्तु संघ को खेद है कि नये वेतनमान की स्वीकृत्यादेश में शेट्टी कमीशन को आधार बताते हुए बढ़ोत्तरी की राशि की भरपाई के लिए मुकदमें की फीस में बढ़ोत्तरी का संकल्प लिया गया है जबकि सरकार को वेतन बढ़ोत्तरी आदेश में यह कहना चाहिए था कि विधायिका/न्यायपालिका अपने वेतनमान का निर्धारण स्वयं करेगा और राज्य कर्मियों का वेतनमान भारतीय प्रशासनिक सेवा की गलत सलाह पर सरकार द्वारा किया जाता रहेगा क्योंकि अब योग्यता, कार्यभार, गुरूत्तर दायित्वों का निर्वहन तथा कार्यकुशलता वेतनमान का आधार नही होगा ।

संघ सरकार की सराहना इसलिए भी करता है कि न्यायिक पदाधिकारियों को नया वेतनमान देनेवाला बिहार पहला राज्य है और हमें 8000 का बेसिक वेतन न देनेवाला बिहार अंतिम एक-दो राज्यों में से है । सरकार और उनके सलाहकारों की इस सोच का हमारा संघ कायल है । भारतीय प्रशासनिक सेवा के कुछ वरिष्ठ पदाधिकारियों ने हमारी सेवा सम्मान को निम्नतम स्तर तक पहुंचाने में कोई कसर नही छोड़ा है पर वे अपने वेतनमान की श्रेष्ठता को बचा नहीं पाये जिसके लिए उनमें खलबली और बेचैनी भी है । पर कुछ करने का हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं क्योंकि उन्हें किसी न किसी अप्रत्यक्ष शक्ति के बुलावे

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 286865 (R), 224771 (O)

अध्यक्ष
राजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

उपाध्यक्ष
फिराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
सुरेन्द्र राय
दूरभाष : 223435 (R)

Truth will Triumph

....

का भयानक खौफ है, इसलिए अब अखिल भारतीय सेवा की श्रेष्ठता का उन्हें केवल मलाल ही है ।

वर्त्तमान परिपेक्ष्य में हमारे संघ का राज्य के तमाम पदाधिकारियों एवं कर्मचारी संघों से अनुरोध है कि पुनः आन्दोलन की समा बांधी जाए । अब समय आ गया है कि सभी संघ आपसी भेदभाव, कैडर विद्वेश को भुलाकर केन्द्रीय वेतनमान सहित अन्य सेवा शर्त्तों को लागू कराने, सेवा निवृत्ति की आयु 60 वर्ष कराने के लिए आंदोलन प्रारंभ करें, क्योंकि विश्वविद्यालय शिक्षकों, कृषि विश्वविद्यालय के शिक्षकों, पौलटिकनिक के शिक्षकों को बेसिक ग्रेड का 8000 से 13500 का वेतनमान एवं न्यायिक पदाधिकारियों को 9000 से 14000 का वेतनमान देकर सरकार ने हमें अपनी मांग नये सिरे से रखने के लिए प्रेरित किया है । बिहार प्रशासनिक सेवा संघ, अन्य सेवा संघों के निर्णय की प्रतीक्षा में हैं ताकि इन अंग्रेजीनुमा प्रिभीं-पर्स एवं सत्ता का सुख भोगनेवाले पदधिकारियों के विशेषाधिकार को समाप्त करने के लिए नसे सिरे से आन्दोलन प्रारंभ किये जायें ताकि वाजिव हक हमें प्राप्त हो सके ।

ह0/-
(गंगाधर लाल दास)
महासचिव ।

ह0/-
(डब्लू एन0 सिंह)
अध्यक्ष ।

ज्ञापांक-

दिनांक-

प्रतिलिपि- सम्पादक, सभी दैनिक अखबार (हिन्दी/अंग्रेजी), पटना/ ब्युरो चीफ, पी0टी0आई0/ यू0एन0आई0/ समाचार सम्पादक, दूरदर्शन/ आकाशवाणी, पटना को प्रकाशन एवं प्रसारण हेतु प्रेषित ।

गंगाधर लाल 16.2.03

(गंगाधर लाल दास)
महासचिव ।

16.2.03

(डब्लू० एन० सिंह)
अध्यक्ष ।